अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 28 नवंबर 2022
मार्गशीर्ष शुक्ल-पंचमी
विक्रम संवत-2079

Page No. 05 : Middle

कृष्ण शक्ति राधा का भक्त मीरा से हुआ सामना

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम संगीतमयी नृत्य नाटिका 'भामिनी' का मंचन किया गया। इसमें श्रीकृष्ण की शक्ति राधा का भक्त मीरा से सामने होने के प्रसंग का वर्णन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कथक के विद्यार्थियों की कृष्ण वंदना से हुआ। इसके बाद भरतनाट्यम की विद्यार्थी भाव्या बिंदल ने दासी के रूप में भगवान कृष्ण के प्रति उद्गार प्रस्तुत किए। कथक विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के साथ राधा की भक्ति को मंच पर प्रदर्शित किया। भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने गुरु अंबाली प्रह्लाद के साथ मीरा की भक्ति को अपनी नृत्य प्रतिभा से साकार किया। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. रीता शर्मा मौजूद रहे। संवाद

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, पंचमी 1.35 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 13, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, सोमवार, 28 नवंबर 2022
www.amritvichar.com

Page No. 05 : Middle

रिद्धिमा में हुआ भामिनी का मंचन

अमृत विचार, बरेली

प्रस्तुति देते कलाकार।

एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम संगीतमय नृत्य नाटिका 'भामिनी' का मंचन हुआ। इसमें श्रीकृष्ण की शक्ति राधा और भक्त प्रेम दीवानी मीरा के जरिए श्रीकृष्ण की भक्ति को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कथक के विद्यार्थियों की ओर से श्रीकृष्ण वंदना से हुआ। इसके बाद भरतनाट्यम की विद्यार्थी भाव्या बिंदल ने दासी के रूप में श्रीकृष्ण के प्रति उद्गार प्रस्तुत किए। कथक के विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के साथ राधा की भक्ति को मंच पर प्रदर्शित किया। भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने गुरु अंबाली प्रहराज के साथ मीरा की भक्ति को अपनी नृत्य प्रतिभा से साकार किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डा. रीटा शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।